तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 18 जनवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

नौ दिवसीय अखंड नवधा रामायण का हवन व पूर्णाहुति के साथ हुआ समापन



## खबर संक्षेप

### सरस्वती शिशु मंदिर में छात्र सम्मेलन आज

**कोरबा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रगति नगर एनटीपीसी द्वारा अभ्युदय शीर्षक से पूर्व छात्र सम्मेलन का भव्य आयोजन 18 जनवरी को विद्यालय परिसर में किया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल एवं सचिव हर्षवर्धन गुप्ता ने विद्यालय से शिक्षा ग्रहण कर चुके सभी पूर्व छात्र–छात्राओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन केवल मिलन का अवसर नहीं, बल्कि गुरुजनों के सान्निध्य में अपने संस्कारों, स्मृतियों और मूल्यों को पुनः जीवंत करने का अनुपम मंच है। प्राचार्य लक्ष्मीनारायण जायसवाल ने बताया कि सम्मेलन की तैयारियाँ पूरी कर ली है। संचालन अशोक चंद्रवशी, दुर्गा प्रसाद नामदेव, प्रधानाचार्य परसराम देवांगन सहित समस्त शिक्षकगण करेंगे। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन में लगभग 200 से अधिक पूर्व छात्रों के सम्मिलित होने का अनुमान है।

### राष्ट्र सेविका समिति का पथ संचलन आज

**हरदीबाजार।** राष्ट्र सेविका समिति विभाग की सेविकाओं का पथ संचलन कार्यक्रम 18 जनवरी को दशहरा मैदान राजेन्द्र प्रसाद नगर में संपन्न होगा। जिसमें जांजगीर चांपा जिला एवं सक्ति जिला की सेविकाएं भाग लेंगी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता प्रांत प्रचार प्रमुख श्रीमती रचना नायडू उपस्थित रहेंगी। पथ संचलन का शुभारंभ शाम 3 बजे दशहरा मैदान राजेन्द्र प्रसाद नगर से होगा जो कि घंटाघर होते हुए पुनः दशहरा मैदान में आकर समाप्त होगा। राष्ट्र सेविका समिति विभाग ने सभी सेविकाओं से निर्धारित समय में पथ संचलन में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

### कांग्रेस के जिला व ब्लॉक अध्यक्ष का शपथ ग्रहण आज

**कोरबा।** जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा ग्रामीण व शहर के अध्यक्ष व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोरबा ग्रामीण व शहर के नव-नियुक्त अध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत के मुख्य आतिथ्य में 18 जनवरी को दोपहर 3.30 बजे अग्रसेन भवन कटघोरा में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद ज्योत्सना महंत करेंगी। विशिष्ट अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल एवं निम्न की उपस्थिति में जिसमे संयुक्त महामंत्री प्रदेश कांग्रेस हरीश परसाई, पीसीसी महामंत्री प्रशांत मिश्रा, विधायक फूलसिंह राठिया, पूर्व विधायक मोहित राम केरकेट्टा, छाया विधायक दुलेश्वरी सिदार, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर उपस्थित रहेंगे।शपथ ग्रहण समारोह में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष मनोज चौहान, शहर अध्यक्ष मुकेश राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष पाली सत्यनाराण पैकरा, ब्लॉक अध्यक्ष पोड़ी- उपरोड़ा भोला गोस्वामी, ब्लॉक अध्यक्ष कटघोरा ग्रामीण गोरेलाल यादव, ब्लॉक अध्यक्ष कटघोरा शहर अशरफ मेमन आदि उपस्थित रहेंगे।

### कोरबा मेमू समेत 6 पैसेंजर ट्रेनें आज कैंसिल

**कोरबा।** बिलासपुर रेल मंडल में ब्रिज मरम्मत के चलते रेलवे में 2 दिन ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाएगा। इस काम के चलते छत्तीसगढ़ की 6 पैसेंजर ट्रेनों को कैंसिल किया गया है। 18 जनवरी को बिलासपुर-रायगढ़-बिलासपुर और बिलासपुर-कोरबा-बिलासपुर मेमू लोकल ट्रेन दो दिन नहीं चलेंगी। इसके चलते रोजाना ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को मुसीबतों का सामना करना पड़ेगा। बिलासपुर रेल मंडल के कोटमीसोनार-जयरामनगर सेक्शन के बीच ट्रैफिक ब्लॉक लेकर मेंटेनेंस वर्क किया जाएगा। इसके चलते दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने और गुजरने वाली कुछ ट्रेनें प्रभावित रहेगी।

# कोरबा मेडिकल कॉलेज में ब्लड कंपोनेंट यूनिट को मिला लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कोरबा मेडिकल कॉलेज में ब्लड कंपोनेंट यूनिट के संचालन के लिए सात साल के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार लाइसेंस जारी कर दिया गया है। लाइसेंस मिलने के साथ ही मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने यूनिट शुरू करने की तैयारियां तेज कर दी हैं। बताया गया है कि एक सप्ताह के भीतर ब्लड कंपोनेंट यूनिट की विधिवत शुरुआत कर दी जाएगी, जिससे मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। जिला अस्पताल के मेडिकल कॉलेज से संबद्ध होने से पहले वर्ष 2019 में छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (सीजीएमएससी) द्वारा ब्लड कंपोनेंट सेपरेटर मशीन उपलब्ध कराई गई थी।

हालांकि मशीन से संबंधित आवश्यक पूरक उपकरण की गलत सप्लाई होने के कारण ब्लड कंपोनेंट यूनिट अब तक शुरू नहीं हो सकी थी। इस दौरान मेडिकल कॉलेज में मरीजों की संख्या करीब तीन गुना बढ़ गई, जिससे ब्लड कंपोनेंट की

### पिछले 6 वर्षों से अटका था यूनिट का संचालन

**खास बातें**

- यूनिट शुरु करने की तैयारी हुई तेज
- एक सप्ताह के भीतर ब्लड कंपोनेंट यूनिट होगी शुरु




आवश्यकता लगातार बढ़ती चली गई। कई बार मांग के बावजूद सीजीएमएससी द्वारा पूरक मशीन रेफ्रिजरेटर सेंट्रीफ्यूज की आपूर्ति नहीं की गई, जिसके चलते यूनिट का संचालन 6 वर्षों तक अटका रहा। मरीजों की जरूरत को देखते हुए तत्कालीन कलेक्टर अजीत वसंत ने जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) मद से रेफ्रिजरेटर सेंट्रीफ्यूज मशीन खरीदने की स्वीकृति दी। इसके बाद लगभग 40 लाख रुपये की लागत से मशीन खरीदी गई और ब्लड बैंक स्थित ब्लड कंपोनेंट यूनिट में इसकी स्थापना की गई। मशीन स्थापना के बाद प्रशिक्षित स्टाफ से इसका ट्रायल भी कराया गया। ब्लड कंपोनेंट यूनिट के संचालन के लिए ड्रग कंट्रोल अथॉरिटी से लाइसेंस अनिवार्य होता है। सभी आवश्यक मशीनें उपलब्ध होने के बाद मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने करीब 6 महीने पहले लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। इसके बाद दो महीने पहले ड्रग कंट्रोल विभाग की केंद्रीय टीम ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर निरीक्षण किया। लाइसेंस जारी करने से पहले टीम ने अस्पताल पहुंचकर ब्लड बैंक, स्थान के स्वामित्व का प्रमाण, परिसर का नक्शा, ब्लड कंपोनेंट यूनिट से जुड़े दस्तावेज, उपकरणों की सूची, कैलिब्रेशन रिपोर्ट, ⏭ शेष पेज 3 पर

### जिले के समितियों में धान की आवक बढ़ने से रखने की समस्या हुई खड़ी

# मार्कफेड ने समितियों से धान उठाव पर लगाई रोक, साढ़े 6 लाख क्विंटल धान जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


फाइल फोटो

प्रदेश में धान की रीसाक्लिंग के मामले को लेकर सभी समितियों में शनिवार से धान उठाव पर मार्कफेड के द्वारा रोक लगाए जाने के बाद

**खास बात**

- प्रभावित हो सकती है आगामी दिनों में धान की खरीदी

समितियों में धान के जाम होने की समस्या खड़ी हो गई है। वर्तमान में जिले के सभी 65 उपार्जन केंद्रों में साढ़े 6 लाख क्विंटल न धान जाम पड़ा हुआ है। लगातार धान की आवक बढ़ने से समितियों में धान रखने की जगह नहीं होने के कारण आगामी दिनों में खरीदी प्रभावित होने के साथ कुछ बड़े केंद्रों में बंद होने की कगार पर पहुंच सकती है।

पहली बार मार्कफेड के द्वारा समितियों से धान के उठाव पर अचानक रोक लगाए जाने से सभी प्रबंधकों में हड़कंप मच गया है। एकाएक हुए इस निर्णय से समिति प्रबंधकों को कुछ समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर वह खरीदी के दौरान समितियों में आने वाले धान को रखेंगे कहां क्योंकि पहले से ही बड़े केंद्रों में धान का सही रुप से उठाव नहीं होने के कारण धाम जाम पड़ा है। ऐसे में आने वाले दिनों में धान की खरीदी करना मुश्किल हो जाएगा। जिले में 6 लाख 50 हजार क्विंटल का धान जाम पड़ा हुआ है और वर्तमान में खरीदी तेज हो गई है। ऐसे में खरीदी के दौरान आने वाले धान को रखना कठिन हो जाएगा। जिले के बड़े धान खरीदी केंद्रों में खड़ी हो रही इस समस्या को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करा दिया ⏭ शेष पेज 3 पर

#### बीते वर्ष की तुलना में तीन हजार किसान बढ़े

इस वर्ष धान खरीदी पंजीयन के दौरान 52 हजार किसानों का पंजीयन हुआ है और धान खरीदी का लक्ष्य 31 लाख क्विंटल है, पिछले वर्ष 49 हजार किसानों ने अपना पंजीयन कराया था। इस तरह बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष 3 हजार किसान नए बढ़े हैं। ऐसे में धान की खरीदी ज्यादा होगी संभवतः लक्ष्य से अधिक खरीदी होने की संभावना प्रबंधकों के द्वारा और अधिकरियों के द्वारा जतायी जा रही है जिससे धान की आवक और अधिक तेज होगी। 31 जनवरी तक धान खरीदी की जाएगी। अवकाश के दिन भी खरीदी किए जाने के निर्देश दिए गए हैं लिहाजा 31 जनवरी शनिवार को भी धान की खरीदी की जाएगी। जबकि शनिवार और रविवार अवकाश रहता है।

#### डीओ कटना और उठाव हुआ बंद

वर्तमान में शासन की ओर से समितियों से धान के उठाव और डीओ काटने पर रोक लगा दिए जाने से धान का उठाव बंद हो गया है। साढ़े 6 लाख क्विंटल धान समितियों में जाम है लेकिन खरीदी पर रोक नहीं लगी है।

-ऋतु राज, जिला विपणन अधिकारी

# सीईओ की बैठक में 7 पंचायतों के सचिव रहे अनुपस्थित, कटेगा वेतन


समीक्षा बैठक लेते सीईओ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग ने शुक्रवार को जनपद पंचायत करतला एवं

**खास बातें**

- जनपद करतला और कटघोरा में पीएम आवास निर्माण की हुई समीक्षा बैठक
- स्वीकृत आवासों का कार्य 15 दिन के अंदर शुरू करने के दिए निर्देश

कटघोरा में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत चल रहे आवास निर्माण कार्यों की ग्राम पंचायतवार विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा बैठक में सीईओ ने स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिए कि आवास निर्माण कार्यों में तत्काल प्रगति लाई जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

सीईओ ने निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत शेष सभी अपूर्ण आवासों को हर हाल में 31 मार्च 2025 तक पूर्ण किया जाए। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत स्वीकृत सभी आवासों को आगामी 15 दिवस के भीतर प्रारंभ करते हुए प्लिंथ स्तर तक पूर्ण कर जियोटैगिंग सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। समीक्षा बैठक में सीईओ ने जनपद पंचायत करतला की न्यून प्रगति वाली ग्राम पंचायत रोगदा एवं बीरतराई के नोडल अधिकारियों के जनवरी माह के ⏭ शेष पेज 3 पर

# अलग- अलग सड़क हादसे में दो लोगों की मौत


अस्पताल में भर्ती घायल युवक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग अलग सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई ह। वहीं दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गए हैं जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल दाखिल कराया गया है। दो युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थे अंधेरा होने के कारण वह सड़क के किनारे खड़े ट्रैक्टर से जा टकराये। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति मौके पर मौत हो गई वहीं दूसरा युवा गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि कटघोरा से पेंड्रा रोड के सिंघिया में बने बाईपास ओवर ब्रिज के नीचे खड़े ट्रैक्टर से टकराने के कारण यह दुर्घटना हुई। कटघोरा पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं करतला थाना अंतर्गत ग्राम सिंदरीपाली निवासी 65 वर्षीय जगदीश साहू सुबह खेत से वापस लौट रहा था तभी उसकी बाइक को सामने से आ रहे बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। जगदीश साहू को उसके बेटे प्रेम साहू और गांव के अन्य लोग मेडिकल कॉलेज अस्पताल कोरबा लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं जगदीश साहू की गाड़ी को ठोकर मारने वाले नोनबिर्रा निवासी अनिल को भी काफी चोट आई है।

### घर से टहलने निकली महिला हुई लापता

**कोरबा।** कुसमुंडा क्षेत्र में सुबह टहलने निकली एक महिला वापस घर ही नहीं लौटी, कई स्थानों में ढूंढने के बाद परेशान परिजनों ने थाने में सूचना दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत आदर्श नगर कॉलोनी एम- 1099 में निवास करने वाली द्रौपदी यादव पिता स्वर्गीय पालतू राम यादव बीते 15 जनवरी की सुबह लगभग 7:30 अपने घर से बाहर घूमने के लिए गई हुई थी। कई घंटे तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने आसपास काफी ढूंढ़ा, इस दौरान सुबह से शाम और शाम से रात हो गई। जिसके बाद परिजनों ने कुसमुंडा थाने में महिला के लापता हो जाने की सूचना दर्ज कराई है। बताया जा रहा है कि महिला की थोड़ी दिमागी हालत ठीक नहीं है। परिजनों ने सोशल मीडिया के माध्यम से आम लोगों से अपील की है कि यदि इस संबंध में कोई भी जानकारी प्राप्त हो तो इस मोबाइल नंबर 7481849601 में अथवा तत्काल कुसमुंडा थाने में सूचना देवे।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ऑनलाइन अटेंडेंस के बहिष्कार की तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


फाइल फोटो

ऑनलाइन अटेंडेंस की प्रक्रिया से जूझ रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एसआईआर के कार्य में ड्यूटी करने की वजह से अटेंडेंस नहीं होने के

**खास बातें**

- एसआईआर में ड्यूटी की वजह से नहीं हो पा रही अटेंडेंस
- वेतन काटने का भय सता रहा है कार्यकर्ताओं में

कारण वेतन कटने के भय को देखते हुए इसके बहिष्कार की तैयारी में जुट गई है। उनका कहना है कि अटेंडेंस नहीं होने के कारण वेतन कट रहा है। जबकि वह बीएलओ की ड्यूटी कर रही हैं। 20 जनवरी से बहिष्कार की जानकारी सामने आयी है।

बीते 3 अक्टूबर से निर्वाचन आयोग के द्वारा शुरु किए गए मतदाता गहन पुर्ननिरीक्षण कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी बीएलओ के रुप में कर दी गई है। इससे बीते चार माह से उनके द्वारा बीएलओ की ड्यूटी किए जाने के कारण आंगनबाड़ी केंद्रों में नहीं पहुंच पा रही हैं। जिसकी उनकी ऑनलाइन अटेंडेंस नहीं होने के कारण उनका वेतन कटने का भय सता रहा है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि अक्टूबर महीने से उनके द्वारा ऑनलाइन कार्यक्रम के तहत एसआईआर में ड्यूटी की जा रही है। जिसकी वजह से उन्हें फिल्ड में जाना पड़ता है और रात में उन सब की जानकारी ऑनलाइन एंट्री करनी पड़ती है। एक तरफ उनसे एसआईआर का कार्य कराया जा रहा है, दूसरी तरफ आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर ऑनलाइन अटेंडेंस को अनिवार्य बताया गया है। जिसकी वजह से उनकी ऑनलाइन अटेंडेंस नियमित रुप से नहीं लग पाने के कारण आंगनबाड़ी केंद्रों में सभी तरह के ऑनलाइन कार्य जिसमें बच्चों की उपस्थिति से लेकर मिड डे मिल की डेली रिपोर्ट पूरक पोषण आहार की जानकारी आदि प्रतिदिन अपडेट भी नहीं होने से उनके उपर दबाव बना हुआ है।

इन समस्याओं को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ऑनलाइन अटेंडेंस के बहिष्कार की तैयारी में जुट गई है। बताया जाता है कि प्रदेशव्यापी इस बहिष्कार की सूचना संघ के द्वारा 19 जनवरी को सभी जिला मुख्यालय में प्रशासन को दी जाएगी।

#### जिले में 2650 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित

जिले में 2650 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं जिसमें लगभग 25 सौ कार्यकर्ता आंगनबाड़ी केंद्रों में पदस्थ हैं। शेष रिक्त पदों पर पिछले चार माह से भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। धीरे धीरे भर्ती पूरी हो रही है उसके बावजूद पद रिक्त हैं। जिनमें भर्ती अप्रैल माह तक पूरी कर ली जाएगी। प्रत्येक केंद्रों में टैबलेट कार्यकर्ताओं को दिये गये हैं जिसके माध्यम से सभी तरह की जानकारियां प्रतिदिन ऑनलाइन मांगी जा रही है। सबसे ज्यादा दिक्कत वनांचल क्षेत्रों में चलने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ताओं को हो रही है। जहां नेटवर्किंग कीसमस्या होने के कारण सभी तरह की ऑनलाइन जानकारियां प्रतिदिन अपडेट नहीं होने की समस्या सामने आ रही है। किंतु ऐसे केंद्रों के लिए किसी तरह की वैकल्पिक व्यवस्था विभाग के द्वारा नहीं की गई है।

### चार सूत्रीय मांगों को लेकर तानसेन चौक आईटीआई में दिया धरना

# सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने धरना व रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



धरना प्रदर्शन करते शिक्षक फेडरेशन के पदाधिकारी।

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर तानसेन चौक आईटीआई में सहायक शिक्षकों की वेतन संगति, क्रमोन्नत वेतनमान, टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता एवं शिक्षकों की उपस्थिति संबंधी वीएसके एप का विरोध को लेकर एक दिवसीय धरना देकर मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री एवं शिक्षा सचिव के नाम का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा है।

जिला अध्यक्ष विनोद कुमार साण्डे ने बताया कि वर्तमान सरकार सत्ता में आने के पूर्व मोदी की गारंटी के अंतर्गत सहायक शिक्षकों की वेतन में विसंगति दूर करने एवं शिक्षकों को कमोन्नत वेतनमान देने का वादा अपनी घोषणा पत्र में किया है परंतु आज सरकार को 2 वर्ष हो गया है लेकिन हमारी मांगों के प्रति सरकार गंभीर नहीं है। प्रथम नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता नहीं देने के कारण शिक्षकों को पूर्ण पेंशन नहीं मिल पायेगा इसके लिए विभाग में 30 वर्ष सेवा अनिवार्य होता है आज प्रदेश के कोई भी शिक्षक संविलियन के पश्चात वरिष्ठता देने से पात्र नहीं हो पा रहे हैं । प्राथमिक और माध्यमिक शाला की शिक्षको को टीईटी परीक्षा क्वालीफाइड करने के संबंध में शिक्षकों ने बताया कि सरकार विभागीय टीईटी परीक्षा का आयोजन करे लंबे समय से शिक्षक अपने विद्यालयों में अध्ययन करा रहे हैं जो शिक्षक टीईटी उत्तीर्ण नही है उन शिक्षकों को अयोग्य माना जा रहा है। वहीं वीएसके एप के माध्यम से स्कूलों में ऑनलाइन उपस्थिति के संबंध में कहा कि हम अपनी निजी मोबाइल का उपयोग क्यों करें। अन्य विभागों की तरह विद्यालयों में भी उपस्थिति डिवाइस लगाई जावे इन सभी मांगों को लेकर आज प्रदेश भर में सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन द्वारा आंदोलन किया गया और कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा गया। आंदोलन में प्रमुख रूप से संगठन के प्रांतीय महासचिव तरुण प्रकाश वैष्णव प्रदेश महामंत्री द्वय नोहर चन्द्रा एवं विपिन कुमार यादव, जिला अध्यक्ष विनोद कुमार साण्डे, कार्यकारी जिला अध्यक्ष द्वय डॉ उतरा साहू एवं इंद्र कुमार लहरे, जिला सचिव अशोक कुमार राठिया, जिला कोषाध्यक्ष लव कुमार चौहान, कोरबा ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मार्बल, करतला ब्लॉक अध्यक्ष यादव सिंह कंवर, कटघोरा ब्लॉक अध्यक्ष अजय पटेल, पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक अध्यक्ष मनहरण निषाद, पाली ब्लॉक अध्यक्ष मानसिंह कंवर, भगता बरेठ आदि उपस्थित रहे।

### शराब से भरी गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई



**कोरबा।** आबकारी विभाग की शराब परिवहन में लगी गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई गई। हादसे में वाहन को क्षति हुई है। चालक सुरक्षित बताए जा रहे हैं। बालोद राजनांदगांव मुख्यमार्ग में दुधली गांव के पास शासकीय मदिरा दुकानों में शराब पहुंचाने के लिए उपयोग की जा रही गाड़ी देर रात अचानक नियंत्रण खो बैठी और सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। 6 महीनों में यह दूसरा मामला है, जब आबकारी विभाग की गाड़ी पेड़ से टकराई है।

## खबर संक्षेप

### पेट्रोल पंप में मिली खामी की गई सील

**कोरबा।** जिले के पसान में स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप में एक सप्ताह पहले टीम पंप का निरिक्षण किया टीम ने पेट्रोल पंप की जांच करने के बाद सील कर दिया गया है। जांच टीम को निरीक्षण के दौरान पेट्रोल टंकी में कई तकनीकी और नियमों से जुड़ी खामियां मिलीं, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई।जानकारी के अनुसार, उपभोक्ता हितों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह औचक जांच की थी। जांच में मापदंडों के उल्लंघन और आवश्यक दस्तावेजों में गड़बड़ी सामने आने पर पेट्रोल पंप को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि मामले की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है, और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के अन्य पेट्रोल पंप संचालकों में भी हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि पेट्रोल पंपों की गुणवत्ता, माप और सुरक्षा मानकों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा, और भविष्य में भी ऐसे निरीक्षण जारी रहेंगे।

### कालीबाड़ी तिराहा से हेलीपेड मार्ग में परेशान कर रहे गड्ढे

**कोरबा।** हजारों की संख्या में लोग सुभाष ब्लॉक मुख्य मार्ग से आवागमन करते हैं उस पर गड्ढे परेशानी का कारण बने हुए हैं। अब तक सुधार को लेकर कोई दिलचस्पी नहीं ली गई है। पिछले वर्ष इस सडक़ की दुर्गति को ठीक करने के लिए एसईसीएल ने पैच वर्क कराया था। इस पर काफी राशि खर्च की गई लेकिन निगरानी करने की जरूरत नहीं समझी गई। नतीजा यह हुआ कि कॉन्ट्रैक्ट एजेंसी ने मनमानी तरीके से सडक़ की रिपेयरिंग करने के साथ कंपनी से बिल वसूल कर लिया। कुछ दिन के बाद सडक़ की स्थिति जस की तस हो गई। वर्तमान में इस मार्ग में जहां-तहां छोटे-बड़े गड्ढे की उपस्थिति के कारण लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की शिकायत है कि एसईसीएल में सिविल मेंटेनेंस से संबंधित कामकाज भारी मार्जिन पर होते हैं। अधिकारियों को ठेकेदार से कमीशन में ज्यादा रुचि होती है इसलिए वह ऐसे कार्यों की गुणवत्ता और इसके टिकाऊ पान को लेकर बहुत ज्यादा गंभीरता नहीं दिखाते हैं। सडक़ों की दुर्गति के पीछे सबसे ठोस कारण यही बताया जाता है। दूसरी तरफ निगम के द्वारा कोरबा की कुछ सडक़ों में आंशिक सुधार कार्य करने के बाद बंद कर दिया गया है। इसलिए पहले से बनी हुई परेशानियां अभी भी कायम है।

### बीकेजेएसएम की बैठक में शामिल होंगे विनोद, कार्यकारिणी का होगा विस्तार

**कटघोरा।** भारतीय कलचुरी जायसवाल



समवर्गीय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष के निर्वाचन उपरांत शेष प्रबंधकारिणी एवं कार्यकारिणी के गठन हेतु 19 जनवरी को दिल्ली के एलिगेंट होटल में अत्यावश्यक बैठक में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ से विनोद जायसवाल, रायगढ़ से विजय जायसवाल एवं डमरूधर जायसवाल रवाना हो चुके है। देशभर के 19 राज्यों के पदाधिकारियों के गहन मंथन के उपरांत राष्ट्रीय कार्यकारणी की नई लिस्ट जारी की जाएगी।

### प्रियांशी का डांस रियलिटी शो छत्तीसगढ़ी ठुमका में चयन



**गेवरा दीपका।** राधेय विद्यापीठ इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल झाबर दीपका की कक्षा 9वी कि छात्रा प्रियांशी आयाम का छत्तीसगढ़ का पहला डांस रियलिटी शो छत्तीसगढ़ी ठुमका में चयन हुआ। इनके डांस ग्रुप का नाम आइडल डांस ग्रुप कोरबा है जो ऑडीशन में सफलता प्राप्त कर अंतिम टॉप 20 में जगहा बनाई। विद्यालय की प्राचार्य ममता मनहर संचालय आरएस मनहर एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकायों ने छात्रा प्रियांशी आयाम और उनके डांस ग्रुप को आइडल डांस ग्रुप कोरबा को बेहतरीन प्रदर्शन कर रियलिटी शो छत्तीसगढ़ी ठुमका को जीत के लिए कामना किये।

### फ़ेडरेशन के पदाधिकारियों ने अपर कलेक्टर व एसडीएम से की मुलाकात



**मड़वारानी।** छग कर्मचारी अधिकारी फ़ेडरेशन के पदाधिकारियों ने अपर कलेक्टर पटेल, एसडीएम कोरबा महिलांगे से मुलाकात की और समन्वित प्रयास से आकांक्षी जिला को विकास के कारवां को बढाएंगे जाने पर चर्चा की गई। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक जगदीश प्रसाद खरे के नेतृत्व में 10 सदस्यीय दल ने अधिकारी द्वय द्वारा आकांक्षी जिला कोरबा के समग्र विकास के कारवां को आगे ले जाने में संगठन के सभी साथियों का अपेक्षित सतत सहयोग दिए जाने को लेकर आश्वस्त किया। साथ ही केंद्र के समान डीए दिए जाने की घोषणा को संगठन के सभी साथियों के समन्वित प्रयासों का प्रतिफल बताया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के महासचिव ओमप्रकाश बघेल, छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष संबित साहू, पंचायत सचिव संघ के ब्लॉक सचिव परमानन्द राजवाड़े शामिल रहे।

# बांकीमोंगरा के विकास को मिलेगी नई गति, आंगनबाड़ी व डेली सब्जी मार्केट का होगा जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

अलग खबर

क्षेत्रीय विकास और जनसुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए बांकीमोंगरा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों की झड़ी लग गई है। शुक्रवार को कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल और बांकीमोंगरा नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा की उपस्थिति में भूमिपूजन हुआ। इसमें विशेष रूप से बच्चों के लिए अत्याधुनिक आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण और स्थानीय लोगों की पुरानी मांग को पूरा करते हुए बांकीमोंगरा के डेली सब्जी मार्केट का जीर्णोद्धार शामिल है।

बांकीमोंगरा स्थित डेली सब्जी मार्केट अब नए स्वरूप में नजर आएगा। व्यापारियों और ग्राहकों की सुविधा के लिए यहाँ बेहतर शेड, पक्की फर्श और ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण किया जाएगा, जिससे बरसात के दिनों में होने वाली कीचड़ की समस्या से मुक्ति मिलेगी। वहीं बच्चों के पोषण और प्रारंभिक शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न वार्डों में नए आंगनबाड़ी केंद्रों की आधारशिला रखी गई है। भूमिपूजन के दौरान विधायक प्रेमचंद पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, "सब्जी मार्केट के व्यवस्थित होने से छोटे व्यापारियों को सम्मानजनक स्थान मिलेगा और ग्राहकों को भी सुविधा होगी। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास ने कहा कि परिषद क्षेत्र के हर वार्ड में मूलभूत सुविधाएं पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य और समय सीमा के भीतर निर्माण पूरा करने के सख्त निर्देश दिए हैं। लंबे समय से अधूरी पड़ी इन मांगों के पूरे होने पर स्थानीय निवासियों और व्यापारियों ने खुशी जाहिर की है। इस शुभ अवसर पर भाजयुमो छत्तीसगढ़ पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा, बांकीमोंगरा पालिका मुख्य पालिका अधिकारी श्रीमती ज्योत्सना टोप्पो, भाजपा मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, कोषाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, महामंत्री श्रीमती अनिता राजपूत, विधायक प्रतिनिधि लक्खू शर्मा,पार्षद राज कुमार मिश्रा, रम्भा कंवर, अश्वनी मिश्रा, जितेन्द्र सिंह, मंडल मंत्री रितेश अग्रवाल, गौरी कंवर, इनायत तुल्ला, संजय दास, जवाली मंडल अध्यक्ष श्रवण कुमार, प्रेस क्लब अध्यक्ष निशांत झा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, व्यपारीगण व आसपास के क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

**विधायक व नगर पालिका अध्यक्ष ने किया करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन**

**खास बातें**
- पक्की फर्श और ड्रेनेज सिस्टम का होगा निर्माण
- बरसात में कीचड़ से मिलेगी मुक्ति




## मरीजों को उपचार के दौरान उठानी पड़ती है परेशानी

# रेफरल सेंटर बना एसईसीएल का मेन हॉस्पिटल, संसाधन और स्टाफ में कटौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

मुड़ापार स्थित एसईसीएल मेन हॉस्पिटल एक तरह से रेफरल सेंटर बनकर रह गया है। कर्मचारी और उनके परिजनों को सामान्य सुविधा ही इस नाम के बड़े अस्पताल से मिल रही हैं और बाकी का दायित्व इम्पेनल हॉस्पिटल पर छोड़ दिया गया है। मौजूदा व्यवस्था में मरीज को सुविधा नहीं मिल रही हैं बल्कि इस नीति पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

कुछ वर्ष पहले तक एसईसीएल ने कोरबा के इस अस्पताल को सेंट्रल हॉस्पिटल का नाम दिया था लेकिन अब यहां मेंन हॉस्पिटल का बोर्ड लग गया है। इसके अंतर्गत कुछ रीजनल और डिस्पेंसरी संचालित हो रही है। लेकिन कहीं भी मरीज को भर्ती करने की व्यवस्था नहीं की गई है। अधिकांश मामलों में मरीजों का परीक्षण करने के साथ सीधे स्थानीय या बाहर के अस्पताल को रेफर करना ही है। कोरबा स्थित अस्पताल में 14 विशेषज्ञ डॉक्टर की पदस्थापना की गई है इसमें सीएमओ के अलावा तीन से ज्यादा डिप्टी सीएमओ और कुछ सीएमएस भी हैं। इनके अतिरिक्त मेडिकल स्टाफ और अन्य कर्मचारी उपलब्ध कराए गए हैं खबर के अनुसार लगभग 80 की संख्या में ही कर्मचारी अब इस बड़े भारी अस्पताल में शेष रह गए हैं। जबकि बीते वर्षों में दोगुनी के लगभग थी। वर्तमान स्थिति में संसाधनों का ग्राफ कम हो गया है और स्टाफ भी। सामान्य सुविधाओं तक ही इस हॉस्पिटल को सीमित कर दिया गया है। जिले में ही बालको जैसी कंपनी ने अपने पुराने अस्पताल को अपग्रेड करने के साथ बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई है और कर्मचारियों के साथ-साथ गैर कर्मियों के मामले में सहूलियत देना शुरू किया है। इसके ठीक उल्टे एसईसीएल का ध्यान अपने मरीज का उपचार विभागीय अस्पताल के बजाय निजी अस्पतालों में करने और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करने की तरफ ज्यादा है। ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा है कि जब अपने मरीज को दूसरे अस्पतालों के भरोसे ही ट्रीटमेंट देना है तो फिर मेडिकल स्टाफ को कम्पनी क्यों रखे हुए हैं?

**खाली पड़ें हैं वार्ड**

कंपनी ने अस्पताल का स्वरूप ही रेफरल सेंटर के तौर पर बना दिया है तो मरीज के यहां टिकने का सवाल ही नहीं। इसलिए कोरबा के इस बड़े अस्पताल में महिला और पुरुष वार्ड लगभग खाली पड़े हैं। विशेष मामलों के लिए केबिन की व्यवस्था की गई है और वहां भी इक्का दुक्का मरीज नजर आ रहे हैं। बताया जाता है कि ओपीडी की सुविधा मरीज को प्राप्त हो रही है और आईपीडी के मामले में सीधे रेफर करना है। कहा तो यह भी जा रहा है कि निजी अस्पतालों में रेफर करने पर भी डॉक्टर के लिए काफी अच्छी संभावना होती हैं। इसलिए यह मामला उनके लिए बहुत ही सुविधाजनक होता है।

# नौ दिवसीय अखंड नवधा रामायण का हवन व पूर्णाहुति के साथ समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका

दीपका बस्ती में नौ दिनों तक चले अखंड नवधा रामायण का समापन हवन सहस्त्र धारा एवं पूर्णाहुति के साथ श्रद्धा और भक्ति भाव के बीच संपन्न हुआ। आयोजन के दौरान प्रतिदिन रामायण पाठ, भजन-कीर्तन, प्रवचन एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया, जिससे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अखंड नवधा रामायण समिति एवं आयोजन समिति का विशेष योगदान रहा। समिति में आचार्य शिव प्रसाद तिवारी, आचार्य जगन्नाथ तिवारी, हनुमान सिंह कंवर, पंचराम जायसवाल, सुखीराम यादव, रामनारायण जायसवाल, विजय भूषण सिंह कंवर, राधेलाल कंवर, रामकुमार कंवर, बाबू सिंह कंवर, रोहित जायसवाल, धरम तिवारी, जयपाल सिंह कंवर, सूरजभान कंवर, दुर्गेश केवट, पार्षद कमलेश जायसवाल, पार्षद सविता कंवर, पार्षद ज्योति तिवारी, पार्षद सुनीता जयसवाल, राजू प्रजापति, सरस्वती कंवर, कुलदीप तिवारी, गोयल कंवर, गजेंद्र सिंह राजपूत एवं योगेश कंवर, लेखपाल कंवर,नवरतन कंवर,महेश राम यादव,सहस राम यादव,छत्रपाल सिंह राजपूत, धीरपाल कंवर, गोपाल कंवर, रुद्रशरण कंवर, जगमोहन कंवर, धन सिंह, जीवराखन कंवर,पुसयूं राम, गोविंद कंवर, बजरंग कंवर, छोटे लाल यादव,गोविंद यादव, चतुर सिंह, अज्जू महाराज,गोकरण कंवर,ललित कंवर सहित अन्य सदस्यों का योगदान रहा। इस दौरान कीर्तन मंडली, आरती मंडली तथा बड़ी संख्या में दीपका बस्ती के नागरिकों ने आयोजन में भाग लिया।

# यातायात पुलिस का जागरूकता अभियान नियम पालन करने वालों को दिया गुलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत शनिवार को टीपी नगर चौक पर यातायात ट्रैफिक थाना के समीप यातायात पुलिस द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को प्रोत्साहित करते हुए यातायात पुलिस ने गुलाब का फूल भेंट किया। कार चालकों को सीट बेल्ट लगाने तथा दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने पर सम्मानित किया गया, जिससे आमजन में यातायात नियमों के प्रति सकारात्मक संदेश पहुंचे।

यातायात पुलिस की इस पहल का उद्देश्य दंडात्मक कार्रवाई के बजाय प्रेरणा के माध्यम से लोगों को सुरक्षित यातायात के लिए जागरूक करना रहा। मौके पर मौजूद यातायात पुलिस ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। एएसआई राठौर ने बताया कि कार चलाते समय सीट बेल्ट और मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का उपयोग जीवन रक्षक है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नियमों के अनुसार सिख समुदाय के लोगों को धार्मिक कारणों से हेलमेट पहनने में छूट का प्रावधान है, किंतु अन्य सभी दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट अनिवार्य है। इस जागरूकता अभियान के दौरान बड़ी संख्या में वाहन चालक मौजूद रहे और यातायात पुलिस की इस सकारात्मक पहल की सराहना की। पुलिस ने आने वाले दिनों में भी इसी तरह के जागरूकता कार्यक्रम जारी रखने की बात कही ताकि सड़क सुरक्षा को लेकर समाज में व्यापक चेतना विकसित की जा सके।

# सिंघिया में आयोजित ड्यूज बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

सिंघिया प्रखंड मुख्यालय स्थित खेल मैदान में आयोजित बहुप्रतीक्षित ड्यूज बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ समापन किया गया। फाइनल मुकाबला में विश्व मित्र इलेवन ने अपने प्रतिद्वंद्वी बिलासपुर को पराजित कर प्रतियोगिता की ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

**खास बात**
- विश्वमित्र इलेवन ने कप पर जमाया कब्जा

फाइनल मुकाबला दर्शकों के लिए बेहद रोमांचक रहा टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बिलासपुर की टीम ने निर्धारित ओवर में महज 96 रन ही बना स्की जबकि उसके जवाब में विश्व मित्र इलेवन की टीम ने 8 विकेट खोकर इस टूर्नामेंट के फाइनल मैच को 2 विकेट से अपने नाम कर लिया। समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित टूर्नामेंट के अध्यक्ष नरेन्द्र मित्तल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में संरक्षक धर्मनारायण तिवारी, अजय धनोंदिया,व अग्रवाल महिला मण्डल की सभी पदाधिकारि उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों के द्वारा विजेता टीम विश्व मित्र इलेवन को चमचमाती ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किया गया। उपविजेता बिलासपुर की टीम को भी स्मृति चिन्ह व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मैच में मैन आफ द मैच का पुरस्कार धीरज गुप्ता को व पूरे टूर्नामेंट में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर सिद्धार्थ दुबे को मैन आफ द सीरीज का पुरस्कार प्रदान किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि नरेंद्र मित्तल ने कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों और युवाओं की प्रतिभा को निखारने में अहम भूमिका निभाती हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। टूर्नामेंट के संरक्षक नगर निरीक्षक धर्मनारायन तिवारी ने बताया कि निश्चित ही जिस प्रकार से इस छोटे से जगह पर इतना बड़ा वो भी ड्यूज बाल का राज्य स्तर पर आयोजन किया जाना यह अपने आप मे एक बड़ा कार्य है। इस अवसर पर नरेंद्र साहू,लक्ष्मण डिक्सेना, सरपंच कीर्ति सिंह उइके, सरपंच सिंघिया मनोज टेकाम, जीत सिंह, भोपेन्द्र भूषण दास, प्राचार्य श्रीमति संगीता साओ कोच विशाल दुबे, आयोजन करता मनोज दुबे सहित नगरवासी व ग्रामवासी उपस्थित रहे।


विजेता टीम।

# एचटीपीएस ने विद्युतगृह स्कूल के बच्चों का कराया सेमिनार एवं कॅरियर काउंसिलिंग


कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम की ओर से नई परियोजना 2 गुणा 660 मेगावाट विद्युत संयंत्र के समीपस्थ गांवों के विद्यार्थियों के लिए केंद्रीय पेट्रो रसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) की मदद से दो दिवसीय सेमिनार व कॅरियर काउंसिलिंग कराया गया। छग. स्टेट पावर जनरेशन कंपनी निगमित पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी, हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के समीपस्थ 11 गांवों में सीईआर के कार्यों को विस्तारित कर रही है।

विद्युत गृह हायर सेकंडरी स्कूल क्रमांक-2 दर्री में 15 एवं 16 जनवरी को दो दिवसीय सेमिनार एवं कॅरियर काउंसिलिंग आयोजित की गई। इसमें एचटीपीएस के समीपस्थ ग्राम नवागांव-कला, छिरहुट, अध्योध्यापुरी, रामनगर एवं राजीवनगर के स्कूली बच्चे लाभान्वित हुए। यह आयोजन मुख्य अभियंता एचके. सिंह के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता (तकनीकी एवं सहायक सेवाएं) एमके. गुप्ता के निर्देशन में प्रशिक्षण विभाग द्वारा कराया गया। सिपेट कोरबा के प्रशिक्षकों की टीम में रजनीश पांडेय, महेश तुड्डु नीतीश कुमार शामिल रहे। प्रशिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को 11वीं कक्षा के लिए विषय चयन, स्नातक, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के विषय में विस्तार से बताया। साथ ही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के विषय में जानकारी देते हुए लक्ष्य के अनुरूप तैयारी एवं व्यक्तित्व विकास के भी सुझाव दिए। इसके साथ ही प्रशिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को सिपेट की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। इसके साथ ही प्लास्टिक उत्पाद निर्माण तकनीक (इंजेक्शन मोल्डिंग, ब्लो-मोल्डिंग इत्यादि) के अंतर्गत उत्पादक मशीनों की कार्यप्रणाली, रखरखाव एवं विभिन्न क्षेत्रों में प्लास्टिक के उपयोग के बारे में विस्तार से समझाया गया। कन्वेंशनल मशीनिंग व कप्यूटर न्यूमेरिक कण्ट्रोल मशीनिंग, लेजर इन्ग्रेविंग मशीन की कार्यप्रणाली को भी समझाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा उत्सुकता के साथ मशीनों के विषय में सवाल भी पूछे गए, जिसके जवाब प्रशिक्षकों द्वारा दिए गए। इस अवसर पर विद्युतगृह स्कूल के शिक्षक डीएस श्रीवास, राकेश किंडो, एचटीपीएस से अधीक्षण अभियंता (प्रशिक्षण) सुमित सिंह, कार्यपालन अभियंता (प्रशिक्षण) मनोज मिश्रा एवं नई परियोजना से अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## हेल्थ प्लस

### न्यू कोरबा अस्पताल में 30 दिवसीय मेगा न्यूरो कैंप शुरू



**कोरबा।** कोसाबाड़ी स्थित न्यू कोरबा अस्पताल में न्यूरो संबंधी मरीजों के लिए एक बड़ी और राहत भरी पहल शुरू की है। अस्पताल में 30 दिवसीय मेगा न्यूरो कैंप की शुरुआत की गई है, जो 31 जनवरी तक पूरे माह चलेगा। इस कैंप के तहत मरीजों को न्यूरो परामर्श निःशुल्क एवं आवश्यक जांच में अधिकतम छूट उपलब्ध कराई जा रही है।मेगा कैंप में प्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ. शिवानी प्रगदा एवं न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. मनीष गोयल द्वारा प्रतिदिन निःशुल्क ओपीडी सुबह 11 से 2 बजे तक व शाम 6 से 8 बजे तक परामर्श दिया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, न्यूरो केयर डिपार्टमेंट में सुविधाओं के विस्तार की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी। अब न्यूरोलॉजिस्ट, न्यूरो फिजियोथैरेपिस्ट, न्यूरोसर्जन के साथ न्यूरो साइकाइट्री की सुविधा भी जोड़ दी गई है, जिससे न्यूरो से संबंधित किसी भी आवश्यकता वाले मरीजों को इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि अब सभी न्यूरो जांच, परामर्श, फिजियोथेरेपी और सर्जरी की सुविधा एक ही छत के नीचे उपलब्ध है, जो कोरबा जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि वर्तमान समय में न्यूरो बीमारियों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, लेकिन जागरूकता की कमी के कारण मरीज समय पर डॉक्टर तक नहीं पहुंच पाते। अधिकांश मरीज तब अस्पताल आते हैं जब बीमारी गंभीर रूप ले चुकी होती है। ऐसे में इस तरह के मेगा कैंप समय पर जांच और उपचार के माध्यम से बीमारी को बढ़ने से रोकने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। न्यू कोरबा अस्पताल का यह 30 दिवसीय मेगा न्यूरो कैंप न सिर्फ इलाज बल्कि जनजागरूकता की दिशा में भी एक सराहनीय पहल माना जा रहा है, जिससे जिले के आम लोगों को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।

## पृष्ठ 1 का शेष

### कोरबा मेडिकल...

मानक संचालन प्रक्रिया के साथ पैथोलॉजिस्ट और लैब टेक्नीशियन से संबंधित जानकारी की विस्तृत जांच की। ब्लड कंपोनेंट यूनिट के संचालन की अनुमति मिलने के बाद मरीजों को प्लाज्मा, प्लेटलेट्स के साथ-साथ आरबीसी और डब्ल्यूबीसी जैसी आवश्यक सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराई जाएंगी। इस संबंध में संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. गोपाल कंवर ने बताया कि ब्लड कंपोनेंट यूनिट के लिए लाइसेंस प्राप्त हो गया है और जल्द ही इसकी शुरुआत की जाएगी। फिलहाल सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

### मार्कफेड ने...

गया है। हालांकि अभी तक खरीदी के दौरान धान के जाम रहने की समस्या से निपटने के लिए प्रशासनिक पहल जिला स्तर में नहीं शुरु हो सकी है। इसकी वजह से समिति प्रबंधकों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है एक तरफ धान का उठाव नहीं होने से जाम रहने की स्थिति खड़ी हो रही है तो वहीं दूसरी ओर खरीदी प्रभावित होने पर प्रबंधकों के उपर कार्यवाही की तलवार लटकी हुई है।

### सीईओ की बैठक...

वेतन भुगतान रोकने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बिना सूचना के बैठक में अनुपस्थित रहने वाले 7 ग्राम पंचायत सचिवों के विरुद्ध एक दिवस के वेतन कटौती करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना अंतर्गत 40 से 50 पात्र हितग्राहियों का चयन कर आगामी 15 दिवस के भीतर उनका पंजीयन कराने हेतु सभी ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देशित किया गया। जनपद पंचायत करतला में समीक्षा बैठक में अनुपस्थित पाए गए जिन ग्राम पंचायत सचिवों पर कार्रवाई की गई, उनमें ग्राम पंचायत खुटाकुड़ा, जुनवानी, कराईनारा, दमखांचा, कलगामार, सुपातराई एवं कनकी शामिल हैं।



## दीपका थाना क्षेत्र के ग्राम नागिनझोरखी का मामला

# बार- बार प्रेम का इजहार करना पड़ा महंगा युवक ने युवती का गड़ासे से काटा गला



घटनास्थल की जांच करती पुलिस।



रोते बिलखते परिजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक को युवती द्वारा बार बार अपने प्रेम का इजहार करना महंगा पड़ गया। युवती युवक को फोन कर बार बार आई लव यू कहती थी। इससे परेशान होकर युवक ने गड़ासे (चापड़) से युवती का गला काट दिया। जिसके बाद मौके से फरार हो गया।

दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत नागिन झोरखी निवासी रानू साहू उम्र 23 वर्ष अपने माता-पिता की इकलौती बेटी थी। दरअसल 16 जनवरी की शाम रानू साहू घर पर अकेली थी।

**खास बात**

- हत्या के चंद घंटों के बाद ही आरोपी को किया गया गिरफ्तार

उसके माता-पिता किसी काम से बाहर गए हुए थे। शाम करीब 7 बजे जब वे वापस लौटे तो घर पर खून से सनी रानू साहू की लाश पड़ी मिली। गले पर गहरे घाव के निशान थे। बेटी की हालत देख परिजनों की चीख-पुकार मच गई। इस दौरान चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी और गांव के लोग मौके पर पहुंचे। पड़ोसियों ने फौरन दीपका पुलिस को हत्या की सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू के मुताबिक मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम को बुलाया गया। डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक एक्सपर्ट अहम सुराग जुटाए। इन साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान की। मोबाइल और लोगों से पूछताछ के बाद राहुल जोगी के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस की टीम राहुल जोगी को पकड़ने के लिए पहुंची। इस दौरान आरोपी राहुल अपने ट्रक के पास सोता हुआ मिला। पुलिस ने हत्या के आरोप में राहुल जोगी को हिरासत में लिया है।

### राहुल से एकतरफा प्यार करती थी रानू

सूत्रों की मानें तो राहुल जोगी पेशे से ट्रक ड्राइवर है। रानू और राहुल की पहले से जान-पहचान थी। रानू राहुल से एकतरफा प्यार करती थी। राहुल ने कई बार मना किया था, लेकिन इसके बावजूद फोन कॉल्स बंद नहीं हुई। इसी बात को लेकर दोनों के बीच पहले भी विवाद हो चुका था। आरोपी राहुल को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस जल्द ही मामले को लेकर खुलासा करेगी। वहीं रानू की लाश को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### फोन पर बहस के बाद पहुंचा घर

दीपका पुलिस के मुताबिक आरोपी राहुल से मर्डर के बारे में पूछताछ की गई। इस दौरान राहुल ने बताया कि 16 जनवरी की देर शाम रानू ने फोन किया था। फोन पर जमकर कहासुनी हुई। राहुल आपा खो बैठा। गुस्से में वह धारदार हथियार लेकर सीधे रानू के घर पहुंच गया। इस दौरान राहुल ने मौके पर पहुंचते ही रानू पर हमला कर दिया। बेरहमी से उसका गला काट दिया। हत्या के बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। वारदात को अंजाम देने के बाद राहुल दीपका-हरदीबाजार रोड पर खड़ी अपनी ट्रक के पास पहुंचा और वहीं आराम से सो गया था।

### आरोपी गिरफ्तार

हत्या का मामला शुक्रवार की देर शाम सामने आया। दीपका पुलिस जांच कर रही थी। आरोपी राहुल जोगी को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों पहले से एक-दूसरे को जानते थे। किसी बात पर झगड़ा हुआ था। आगे की पूछताछ जारी है।

-नीतीश ठाकुर
एएसपी कोरबा

# शिवधाम मंदिर ज्योतिनगर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा




पाली रोड नगर पालिका गेट से बिंझरी रोड पर पूर्व स्थापित भगवान शिव के मंदिर का जीर्णोद्धार कर शिव धाम में प्रतिस्थापित किया जा रहा है जिसमें माता दुर्गा मंदिर जिसे सिध्दीदात्री माता दीपेश्वरी के नाम से मंदिर बनाया गया है व साथ ही गरुण देव के साथ मनोहारी राधाकृष्ण मंदिर बनाया गया है। महिलाओं के शिवजाप व भजन कक्ष निर्माण कर भैरव बाबा मंदिर का स्वरूप दिया गया। जिसके समकक्ष कमरे में शनिदेव मंदिर स्थापित की जा रही है। पुरे मंदिर परिसर में दक्षिणा मुखी हनुमान, श्री गणेश, श्री लक्ष्मी, सरस्वती, वरूण देवता को सम्मान जनक स्थान पर स्थापित किया गया है। प्राण प्रतिष्ठा हेतु बनारस के आचार्य शिवपूजन सहित अन्य आचार्य 19 जनवरी की शिव धाम से नगरपालिका कार्यालय होते हुए प्रगति नगर छठ घाट के लिए 11सौ लक्ष्य माता बहिनों संग कलश यात्रा में जलभरी कर यज्ञशाला में विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। 22 जनवरी को सभी मूर्तियों संग नगर भ्रमण का आयोजन है व 23 जनवरी को स्थापना व हवन पश्चात भोग भंडारा का विशाल आयोजन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष दिलीप सिंह, सचिव विशाल अग्रवाल, वार्ड पार्षद रामजय सिंह, अर्जुन साहू, संजय पाठक, नंदकिशोर शर्मा,रमेश सिंह, संदीप सिंह, मनोज शर्मा, महेन्दर सिंह, विमल सिंह, डीडी अग्रवाल, संतोष बारिक, केदारनाथ सिंह, सर्वेश सोनी का सहयोग रहेगा।

















